प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 09.03.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

1– छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए निर्वाचन में भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम निर्विरोध चुन ली गई हैं।

2– विधानसभा में आज दुर्ग में अवैध तरीके से हो रही अफीम की खेती और बस्तर में धान खरीदी के मुद्दे प्रमुख रूप से गूंजे।

3– कल रायपुर में होने वाले नारी शक्ति सम्मान समारोह में स्वच्छता दीदियों और स्व–सहायता समूह की महिलाओं का सम्मान किया जाएगा।

**और**

4– कल राजधानी में होगा विकसित भारत युवा संसद का आयोजन–तीस जिलों के डेढ़ सौ युवा प्रतिभागी भाग लेंगे।

............

**<u>राज्यसभा प्रत्याशी–निर्वाचित</u>**

छत्तीसगढ़ से राज्यसभा की दो सीटों के लिए हुए निर्वाचन में भाजपा उम्मीदवार लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस प्रत्याशी फूलोदेवी नेताम निर्विरोध चुन ली गई हैं। दोनों दलों ने एक–दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी नहीं उतारा, जिससे चुनाव

निर्विरोध संपन्न हुआ। आज दोनों प्रत्याशियों ने विधानसभा परिसर पहुंचकर आधिकारिक तौर पर अपना निर्वाचन प्रमाण पत्र प्राप्त किया।

गौरतलब है कि भाजपा की लक्ष्मी वर्मा वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य के रूप में कार्य कर रही हैं। वहीं, फूलोदेवी नेताम बस्तर क्षेत्र से आने वाली आदिवासी नेत्री है। वे वर्तमान में राज्ससभा सदस्य हैं और कांग्रेस पार्टी में कई पदों पर रही हैं।

**<u>प्रधानमंत्री–बजट वेबिनार</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ है। 'सबका साथ सबका विकास – जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने ये बात कही।

**साथियों, भारत आज प्रिवेंटिव और होलिस्टिक हेल्थ के लिए एक विशाल विज़न पर काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में देश का हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है, सैकड़ों जिलों में नए–नए मेडिकल कॉलेज खुल गए हैं। आयुष्मान भारत योजना, आरोग्य मंदिरों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव–गांव तक बढ़ाई गई है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं की पूर्ति केवल चर्चा का विषय नहीं है, बल्कि यह बजट का आधार और सरकार की प्रतिबद्धता है।

**<u>युवा संगम–पंजीकरण</u>**

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के तहत युवा संगम योजना के छठवें चरण के लिए ऑनलाइन पंजीकरण पोर्टल शुरू किया है। इस योजना के तहत अट्ठारह से तीस वर्ष आयु वर्ग के उन युवाओं के साथ ही जो उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी हैं, एनएसएस तथा नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक आवेदन कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को देश की सांस्कृतिक विरासत, विकास और नवाचार से परिचित कराना है। इच्छुक युवा आधिकारिक पोर्टल **एक भारत डॉट जीओवी डॉट इन** पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवा संगम के छठे चरण में देशभर के बाईस उच्च शिक्षण संस्थानों को नोडल संस्थान के रूप में चुना गया है। चयनित प्रतिभागियों को अपने संबद्ध राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में पांच से सात दिन की शैक्षणिक और सांस्कृतिक यात्रा का अवसर मिलेगा।

इस योजना के तहत विभिन्न राज्यों के उच्च शैक्षणिक संस्थानों की जोड़ी बनाई गई है। इसके तहत छत्तीसगढ़ आईआईटी भिलाई और आईआईटी दिल्ली की जोड़ी बनाई गई है।

## "नारी शक्ति सम्मान समारोह"

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कल दस मार्च को रायपुर स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज के सभागार में "नारी शक्ति सम्मान समारोह" का आयोजन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री अरुण साव समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छता दीदियों, स्व–सहायता समूहों की महिलाओं और महिला हितग्राहियों को सम्मानित करेंगे। इस दौरान राज्य के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता को बढ़ावा देने छत्तीसगढ़ स्वच्छता लीग का शुभारंभ भी किया जाएगा।

## विकसित भारत युवा संसद

माय भारत छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम और केन्द्रीय खेल मंत्रालय द्वारा कल दस मार्च को विकसित भारत युवा संसद का आयोजन किया जाएगा। रायपुर स्थित पुरानी विधानसभा के प्रेक्षागृह में आयोजित होने जा रहे युवा संसद में तीस जिलों के कुल डेढ़ सौ विजेता युवा प्रतिभागी भाग लेंगे। इनमें से तीन विजयी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

माई भारत छत्तीसगढ़ के उप निदेशक अर्पित तिवारी ने बताया कि विकसित भारत युवा संसद का मुख्य उद्देश्य युवाओं में संसदीय प्रक्रिया, लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना है।

## न्यायालय–बम धमकी

प्रदेश के बालोद और बेमेतरा जिला न्यायालय परिसर को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि यह धमकी ईमेल के जरिए मिली है। धमकी मिलने के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और बम स्क्वॉड की टीम जांच में जुट गई है।

**विधानसभा सत्र–01**

होली अवकाश के बाद छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र आज से फिर शुरू हो गया है। विपक्ष ने आज सदन में दुर्ग में की जा रही अफीम की खेती का मुद्दा उठाया। शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने इस मामले पर स्थगन प्रस्ताव पेश करते हुए सरकार पर दोषियों को बचाने के प्रयास का आरोप लगाया। आसंदी द्वारा स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य करते ही विपक्षी सदस्य गर्भगृह में उतरकर नारेबाजी करने लगे और विधानसभा के नियमों के मुताबिक स्वमेव निलंबित हो गए। इसके बाद हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई।

बाद में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सदन में इस मामले में अपना वक्तव्य दिया। विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने बताया कि दुर्ग मामले में मुखबिर की सूचना के आधार पर तत्काल कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बीते दो वर्षों के दौरान राज्य में मादक पदार्थों की अवैध तस्करी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है।

इस बीच, सदन के बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से ही अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

**विधानसभा सत्र–02**

वहीं, प्रश्नकाल में आज भाजपा विधायक प्रमोद मिंज ने दिव्यांगजनों को पद्दोन्नति में आरक्षण का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चार प्रतिशत पद्दोन्नति का नियम है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसके लिए निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की है।

जवाब में महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि केंद्र ने राज्यों को जो अधिकार दिए हैं, इसी के तहत छत्तीसगढ़ सरकार ने तीन प्रतिशत पदोन्नति की व्यवस्था दी है। उन्होंने बताया कि पद्दोन्नति के लिए एक आवेदन आया था, जिसे वापस ले लिया गया है।

राज्य विधानसभा में आज विपक्षी सदस्यों ने बस्तर संभाग में की गई धान खरीदी का मुद्दा उठाया। प्रश्नकाल के दौरान विधायक लखेश्वर बघेल ने इस वर्ष की गई धान खरीदी और उसके उठाव के संबंध में

जानकारी मांगी। इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि बस्तर संभाग में लगभग छियालीस हजार आठ सौ सैंतालीस मीट्रिक टन धान का उठाव हुआ है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस सदस्य कवासी लखमा ने भी इस पर विभागीय मंत्री से पूरक सवाल किया। जवाब में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि जो किसान धान खरीदी केंद्र तक धान लेकर पहुंचे थे, उनका धान खरीदा गया है। इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

**विधानसभा समाचार–03**

वहीं, सत्ता पक्ष की विधायक भावना बोहरा ने आज ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से वन अधिकार पट्टे के वितरण न होने का मुद्दा उठाया। जबाव में आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य में वन भूमि अधिकार पट्टे के लिए चार लाख से अधिक आवेदन खारिज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार जरूरतमंद लोगों को वनभूमि अधिकार पट्टा दिया जाएगा।

इसी तरह, कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से राज्य की फैक्ट्रियों में औद्योगिक नीति के अनुपालन न होने का मुद्दा उठाया।

जवाब में श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक नीति का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कोई उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित फैक्ट्रियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

आज सदन में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से संबंद्ध विभागों के अनुदान मांगों पर चर्चा चल रही है। इस चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे।

**संक्षिप्त समाचार**

– बिलासपुर स्थित सिम्स में भारतीय रेडक्रास सोसाइटी द्वारा संचालित जन औषधि केंद्र को राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ जन औषधि केंद्र घोषित किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने केंद्र से जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

– दुर्ग जिले के पुरानी भिलाई क्षेत्र से अपहरण किए गए एक बालक को पुलिस ने झारखंड से बरामद कर साइबर धोखाधड़ी से जुड़े दो आरोपियों तथा एक अपचारी बालक को गिरफ्तार किया है।

और

– जांजगीर–चाम्पा जिले के शिवरीनारायण में 'नारी शक्ति स्वच्छता दौड़' का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। साथ ही लोगों को शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने की संकल्प दिलाई गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>